संख्या—: जी0आई0—25/तीन—2022—28(1)/05

प्रेषक,

जितेन्द्र कुमार,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

1— अपर मुख्य सचिव, सचिवालय प्रशासन, उ0प्र0शासन।
2— समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
3— प्रमुख सचिव, विधान सभा/विधान परिषद, उ0प्र0 शासन।
4— समस्त मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5— समस्त विभागाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।

सामान्य प्रशासन अनुभाग लखनऊ : दिनांक : 08 जुलाई, 2022

विषय : जापान के पूर्व प्रधानमंत्री श्री शिन्जो आबे के निधन पर राजकीय शोक मनाये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अतिरिक्त सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के पत्र संख्या—3/3/2022—पब्लिक, दिनांक 08—07—2022 के क्रम में अवगत कराना है कि जापान के पूर्व प्रधानमंत्री श्री शिन्जो आबे का दिनांक 08—07—2022 को निधन हो गया है। दिवंगत आत्मा के सम्मान में दिनांक 09—07—2022 को एक दिन का राजकीय शोक मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस अवधि में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा एवं कोई शासकीय, सांस्कृतिक समारोह नहीं होगा। तदनुसार कृपया आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय,

(जितेन्द्र कुमार)
प्रमुख सचिव।

संख्या—: /तीन—2022, तददिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

(1) अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, उत्तर प्रदेश ।
(2) अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश ।
(5) मुख्य स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन ।
(6) निदेशक, सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया इलेक्ट्रानिक एवं प्रिन्ट मीडिया के माध्यम से प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
(7) मुख्य व्यवस्थाधिकारी/व्यवस्थाधिकारी मुख्य भवन/लोक भवन/बापू भवन/विकास भवन/लाल बहादुर शास्त्री भवन/योजना भवन, उ0प्र0 सचिवालय।
(8) मुख्य सुरक्षा अधिकारी/प्रतिसार निरीक्षक (सुरक्षा), उत्तर प्रदेश सचिवालय।

आज्ञा से,

(उमेश यादव)
अनु सचिव।